**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**पीएम–किसान किस्त**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की और देश भर के 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये अंतरित किए गए। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं।

***आज यहां एक विराट किसान उत्सव आयोजन हो रहा है, देश के 10 करोड़ किसान भाइयों, बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में भेजे गए हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।***

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नई पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 24 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने सभी से वोकल फॉर लोकल को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि वे त्योहारों के मौसम में स्थानीय उत्पादों को ही प्राथमिकता दें।

**पीएम–किसान किस्त–2**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद, वे पहली बार काशी आए हैं और बाबा विश्वनाथ की कृपा से भारत ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाया है।

**आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं, काशी के मेरे मालिकों, मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वह पूरा हुआ है, यह महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है, मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।**

नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि यह नया भारत है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरे विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विधि, मानवाधिकार व आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में संवैधानिक चुनौतियां– परिप्रेक्ष्य एवं मार्ग के दूसरे सत्र की अध्यक्षता की। 'धर्म और संविधान' विषय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है और राज्य का दृष्टिकोण धर्मनिरपेक्ष होना चाहिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमारे देश में प्रत्येक धर्म का सम्मान किया जाता है और देश की विविधता ही देश की ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म लोगों को आपस में जोड़ता है और धर्म का इस्तेमाल लोगों को बांटने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म को राजनीति से अलग करने का हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला से मंडी व कुल्लू जिलों में आपदा प्रभावितों के लिए तीन गाड़ियों में राहत सामग्री को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मंडी में आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई है और जरूरत के मुताबिक और भी राहत सामग्री भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी मंडी जिले के दौरे पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात को लेकर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री हिमाचल प्रदेश की आपदा को लेकर चिंतित है।

***इसके पहले भी तीन गाड़ियां यहां से राजभवन से रेड क्रॉस के द्वारा भेजी गई थी, अब तीन पुनः भेजी गई है, जिसमें एक कुल्लू भी जाएगी और दो मंडी के लिए रहेगी, 300 400 परिवारों के लिए एक–एक गाड़ियों में हम भर कर के भेज रहे हैं।***

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार सहकारी समितियों को डिजिटल और पारदर्शी प्रणाली से जोड़ने के लिए तीव्र गति से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे एक हजार 7 सौ 89 प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों के कंप्यूटरीकरण के लिए 53 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। वर्तमान में 22 करोड़ 18 लाख रुपये कंप्यूटरीकरण के कार्य के लिए खर्च किए जा चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि सभी सहकारी समितियों का ऑडिट इस वर्ष 30 सितंबर तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**साईबर एडवाईजरी**

प्रदेश में डिजिटल अरैस्ट फ्रॉड के मामलों में बढ़ौतरी हो रही है। साईबर क्राईम पुलिस के मुताबिक प्रदेश में वर्ष 2024, 2025 में अब तक डिजिटल अरैस्ट के 12 मामले दर्ज हुए हैं। राज्य सीआईडी साईबर क्राईम शिमला के पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि इन मामलों में लोगों से 5 करोड़ 91 लाख रूपए से अधिक की ठगी की गई है।

---

---